# ज़िला सैनिक कल्याण सोलन की झण्डा दिवस निधि लेखाओं का लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/2011 से 03/2013

1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

संस्था द्वारा गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई है। अतः अनिस्तांतरित अनुच्छेदों के निपटारे हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करनी सुनिश्चित की जाए अन्यथा अंकेक्षण को प्रयोजन ही निष्फल हो जाता है। अनिर्णीत पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है :—

(क) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/91 से 3/97

| | | |
|---|---|---|
| पैरा — 3 | अनिर्णीत | |
| पैरा — 4 | अनिर्णीत | |
| पैरा — 5 | अनिर्णीत | |
| पैरा — 6 | अनिर्णीत | |

(ख) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/97 से 3/03

| | | |
|---|---|---|
| पैरा — 6 | अनिर्णीत | |
| पैरा — 12 | अनिर्णीत | |

(ग) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/03 से 3/05

| | | |
|---|---|---|
| पैरा — 5 | निर्णीत | (पैरे को वर्ष 4/05 से 3/08 की रिपोर्ट में पहले ही निर्णीत किया गया है) |
| पैरा — 12 | निर्णीत | (अवधि 4/03 से 3/05 की रिपोर्ट में केवल 9 पैरे प्रारूपित किए गए थे। इस प्रकार पैरा 12 उक्त अवधि की रिपोर्ट में प्रारूपित ही नहीं है) |

(घ) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/05 से 3/08

| | | |
|---|---|---|
| पैरा — 4 | निर्णीत | (पैरा वित्तीय स्थिति से सम्बन्धित है जिसे पुनः प्रारूपित किया गया है) |
| पैरा — 5 | निर्णीत | (झण्डा दिवस के उपलक्ष में विभिन्न संस्थाओं को झण्डे भिजवाने के लिए प्रेषित पत्र को फोटो स्टेट करने के लिए ₹163 व्यय की गई थी) |

| | | |
|---|---|---|
| पैरा – 6 | अनिर्णीत | |
| पैरा – 7 | अनिर्णीत | |
| पैरा – 8 | निर्णीत | (समस्त प्रविष्टियों को स्याही के पैन द्वारा अंकित करने के फलस्वरूप पैरा निर्णीत किया गया।) |

**(ङ) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/08 से 3/11**

| | | |
|---|---|---|
| पैरा – 3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क प्राप्त करने के उपरान्त पैरा समाप्त) |
| पैरा – 4 (क)(ख) | निर्णीत | (रोकड़ वही में आवश्यक प्रविष्टि कर दी है) |
| पैरा – 5 | निर्णीत | (संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने के उपरान्त) |
| पैरा – 6 | अनिर्णीत | |
| पैरा – 7 | निर्णीत | (निवेदाऐं आंमत्रित करने का पत्र अंकेक्षण को दिखाया गया) |

2 **वर्तमान अंकेक्षणः–**

ज़िला सैनिक कल्याण सोलन की झण्डा दिवस निधि लेखाओं (अवधि 4/2011 से 03/2013) का वर्तमान अंकेक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिए गए है, श्री राम सिंह चौहान, अनुभाग अधिकारी व श्री राकेश कुमार चौहान, लेखा परीक्षक द्वारा किया गया। आय की विस्तृत जाँच के लिए माह 12/2011 और 12/2012 तथा व्यय की विस्तृत जाँच के लिए 11/2011 और 1/2013 लेखों का चयन किया गया।

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्था के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध कर्रवाई गई सूचनाओं/अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना या सूचना के उपलब्ध न करवाने, के लिए पाई गई कमियों/त्रृटियों हेतु उत्तरदायी नहीं है।

3 **अंकेक्षण शुल्कः–**

ज़िला सैनिक कल्याण सोलन की झण्डा दिवस निधि (अवधि 4/2011 से 3/2013) के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹1,100 आंका गया। उक्त राशि रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009 को प्रेषित करने हेतु अनुभाग अधिकारी के पत्र सं0 341 दिनाँक 20.3. 2014 द्वारा उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण सोलन से अनुरोध किया गया।

4 वित्तीय स्थितिः–

(क) ज़िला सैनिक कल्याण विभाग सोलन द्वारा प्रस्तुत संस्था की झण्डा दिवस निधि की वर्ष 2011–12 से 2012–13 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | प्राप्त आय | ब्याज | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011–12 | 414021.24 | 179204 | 21571 | 614796.24 | 26063<br>44944 | 543789.24 |
| 2012–13 | 543789.24 | 190129 | 35799 | 769717.24 | 157605 | 612112.24 |

**₹44944** pertains to reversal entry of interest wrongly credited in 2/2011 reversed in 4/2011

(ख) जमा राशि का विवरणः–

| | |
|---|---|
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला सोलन के बचत खाता सं0 55080128597 में 31.3.2013 को जमा राशि | 117138.24 |
| हस्तगत राशि | 16240.00 |
| योग | **133378.24** |
| सावधि जमा में निवेषित राशि | **478734.00** |
| कुल योग | **612112.24** |

5 निवेशः– अंकेक्षण अवधि के दौरान संस्था द्वारा निम्न राशियाँ सावधिक जमा योजना के अन्तर्गत निवेशित की गई थीः–

| sr. no | FDR's No | Date of investment | Date of maturity | Period | Rate of interest | Amount invested |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 65160132917 | 29.1.13 | 29.1.18 | 5 year | 8.5% | 79344 |
| 2 | 65135361176 | 5.3.12 | 29.11.14 | 999 days | 9.75% | 150000 |
| 3 | 30816060162 | 5.7.11 | 5.7.13 | 2 year | 8.75% | 131070 |
| 4 | 65158413981 | 7.1.13 | 7.1.18 | 5 year | 8.5% | 118320 |
| | | | | | **Total** | ₹478734 |

उपरोक्त निवेशों को समय–समय पर परिपक्वता पर भुनाया जाए अथवा आवश्यकता को इसका ध्यान में रखते हेतु इनका पुनर्निवेश किया जाए तथा इन निवेशों पर प्राप्त ब्याज को समय–समय पर रोकड़ वही में लेखाकित भी किया जाए।

6 **औपचारिक्ताऐं पूर्ण किये बिना ₹1,08,290 का अनियमित व्यय करना:–**

चयनित माह 1/2013 के वाऊचरों की जाँच करने पर पाया गया कि संस्था द्वारा गणतन्त्र दिवस 2013 के अवसर पर शिमला में 34 भूतपूर्व सैंनिकों द्वारा परेड़ में भाग लेने के लिए ₹1,08,290 का व्यय निम्न वस्तुओं/मदों पर किया गया है:–

| वा0सं0 दिनाँक | जिसे भुगतान किया गया | कय का विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 57 19.2.2013 | मै0 अमृत लाल अशवनी कुमार गर्ग, मैने बाजार नाहन | 1. 68 मीटर कपड़ा 34 कोटों के लिए | 450 | 30.600 |
| | | 2. 44.20 मीटर कपड़ा 34 पैटों के लिए | 450 | 19890 |
| 58 19.1.2013 | मै0 नाजं टेलर बड़ा बाजार, नाहन | 34 कोट व पैंटों की सिलाई | 1500 | 51000 |
| 59 29.1.2013 | मै0 हिमाचल कैप और शाल इण्डस्ट्रीज़, सोलन | 34 किन्नौरी टोपी | 200 | 6800 |
| | | | **योग** | **₹1.08.290** |

उक्त व्यय करने से पूर्व कोई भी औपचाारिक्ताऐं पूर्ण नहीं की गई है जो कि हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम, 2009 के नियम 98 की अवहेला है। अतः औवचारिकताऐं पूर्ण किए बिना ही व्यय करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा उक्त अनियमित व्यय को नियमित करने हेतु सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति प्राप्त की जाए और अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाने के साथ–साथ भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता न दोहराई जाए।

7 **विभिन्न विभागो/संस्थाओं को बिक्री हेतु जारी किए झण्डों से सम्बन्धित ₹27430 की प्राप्ति न करना:–**

ज़िला सैनिक कल्याण कार्यालय सोलन द्वारा निम्न विवरणानुसार विभिन्न विभागों/संस्थाओं को विक्रय हेतु 3318 झण्डे जारी किए गए थे परन्तु सम्बन्धित विभागों/संस्थाओं द्वारा न तो अंकेक्षण अवधि तक झण्डों की बिक्री की राशि जमा की गई और न ही झण्डों की बिक्री न होने की स्थिति में इन्हें वापिस किया गया। अतः इन विभागों/संस्थाओं से झण्डों की बिक्री की राशि शीघ्र प्राप्त करके झण्डा दिवस निधि में जमा की जाए व अनुपालना आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित की जाए।

| क्र0 सं0 | विभाग/संस्था का नाम | माह/वर्ष | जारी किए गए झण्डों की संख्या | विक्री दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाचार्य, बी0एल0 सैन्ट्रल स्कूल, सोलन | 12/2011 | 400 | 5/–प्रति झण्डा | 2000 |
| 2 | तहसीलदार कार्यालय कण्डाघाट | 12/2011 | 500 | 10/–प्रति झण्डा | 5000 |
| 3 | उप निदेशक, उद्यान चम्बाघाट | 12/2011 | 400 | 10/–प्रति झण्डा | 4000 |
| 4 | सी0आर0आई0 कसौली | 12/2011 | 100 | 10/–प्रति झण्डा | 1000 |
| 5 | मुख्यध्यापक, रा0उ0पाठशाला बसन्तपुर | 12/2011 | 250 | 5/–प्रति झण्डा | 1250 |
| 6 | उपायुक्त कार्यालय सोलन | 12/2012 | 300 | 10/–प्रति झण्डा | 3000 |
| 7 | अधिक्षण अभियन्ता, हि0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, सोलन | 12/2012 | 300 | 10/–प्रति झण्डा | 3000 |
| 8 | तहसीलदार नालागढ़ | 12/2012 | 400 | 10/–प्रति झण्डा | 4000 |
| 9 | सी0आर0आई0 कसौली | 12/2012 | 168 | 10/–प्रति झण्डा | 1680 |
| 10 | प्रधानाचार्य, रा0व0मा0पाठशाला सोलन (छात्र) | 12/2012 | 500 | 5/–प्रति झण्डा | 2500 |
| | | योग | 3318 | | ₹27430 |

9 **लधु आपत्ति विवरणिकाः–** इस प्रकार की कोई भी विवरणिका अलग से जारी नहीं की गई है।

10 **निष्कर्षः–** लेखों मे सुधार की आवश्यकता है तथा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु तुरन्त कार्रवाई की जानी अपेक्षित है।

हस्ता/
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)(14)32/76–खण्ड–5 दिनांक,14.07.2014 शिमला–171009.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

**पंजीकृत**

1. उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण विभाग सोलन को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग एक माह के भीतर भेजे।
2. अतिरिक्त सचिव (सामान्य प्रशासन) हि0प्र0 सरकार शिमला–2
3. निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण हमीरपुर, जला हमीरपुर हि0प्र0
4. श्री राम सिंह चौहान अनुभाग अधिकारी द्वारा.......................

हस्ता/
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.